# CBSE Class–3 Hindi
## NCERT Solutions
### रिमझिम पाठ- 11. मीरा बहन और बाघ

**कहानी से**

**प्रश्न 1. कहानी में बाघ को खतरनाक जानवर बताया है| नीचे दी गई सूची में सबसे खतरनाक चीज़ तुम्हारी समझ में क्या है और क्यों?**

**चाकू, बिजली, टूटा हुआ काँच, आग़**

**उत्तर-** इस सूची में सबसे खतरनाक चीज़ आग है क्योंकि यदि घर में आग लग जाए तो सब कुछ जलकर राख हो जाता है| यहाँ तक कि मनुष्य की जान भी जा सकती है|

**प्रश्न 2. मीरा बहन की बात सुनकर गाँव के लोगों को निराशा हुई होगी| उन्होंने मीरा बहन से क्या कहा होगा? सोचकर गाँव के लोगों की बातें लिखो|**

**उत्तर-** एक ग्रामीण ने मीरा बहन से कहा होगा कि आपने यह अच्छा नहीं किया| बाघ कभी भी आकर आदमी को खा सकता है| आपके जानवरों को भी मार सकता है| दूसरे ग्रामीण ने कहा होगा कि यदि गाँव के किसी आदमी को बाघ ने अपना शिकार बना लिया तो आप स्वयं उसकी ज़िम्मेदार होंगी|

**खतरनाक है या नहीं**

**प्रश्न 1. गेंवली गाँव के आस-पास के जंगलों में बाघ जैसे खतरनाक जानवर भी रहते थे| तुम्हारे हिसाब से नीचे लिखे जंतुओं में से कौन-कौन खतरनाक हो सकता हैं?**

**भैस, चीता बकरी, कुत्ता, बिल्ली, चूहा, साँप, बिच्छु, कछुआ, केंचुआ, तिलचट्टा, कबूतर, भालू**

**उत्तर-** चीता, कुत्ता, साँप, बिच्छु, भालू|

**प्रश्न 2. जिनके नाम पर तुमने गोला लगाया, वे कब खतरनाक हो सकते हैं?**

**उत्तर-** चीता जब जंगल से भागकर शहर में आए और आदमियों को अपना शिकार बना लें|

कुत्ता जब पागल हो जाए और काट ले|

साँप छेड़ने पर खतरनाक हो सकता है|

बिच्छु के डंक के दर्द से जान जा सकती है|

भालू जब जंगल से भाग कर आबादी में आकर लोगों पर धावा बोल दे|

**पिंजरा**

**प्रश्न 1. चूहा पकड़ने का पिंजरा देखकर बताओ की वह अपने आप कैसे बंद हो जाता है और एक बार कैद हो जाने के बाद चूहा उससे बाहर क्यों नहीं आ पाता?**

**उत्तर-** चूहा पकड़ने के पिंजड़े में दोनों तरफ से मुड़ा हुआ एक तार जाली में लगा होता है| बाहर का मुड़ा तार दरवाजे के कोने को रोकता है और अंदर की तरफ उसमें रोटी लगी होती है| जैसे ही चूहा अंदर घुसकर रोटी खींचता है वैसे ही बाहर का कुंडा निकल जाता है और झटके से दरवाजा बंद हो जाता है| वह दरवाजा फिर नहीं खुलता जिस कारण चूहा बाहर नहीं आ सकता|

**प्रश्न 2. गा ँ व वालों ने बाघ को  पिंजरे में बंद करने की योजना बनाई थी | किसी आजाद पशु या पक्षी को पिंजरे में बंद करके रखना सही है या गलत ? क्यों?**
**उत्तर -** किसी आजाद पशु या पक्षी को पिंजड़े में बंद करके रखना गलत है| यह उसके प्रति अन्याय है| स्वतंत्रता सबको प्यारी होती है| उसका प्राकतिक स्वभाव, आदतें, खाना-पीना, चलना-फिरना, उड़ना आदि प्रभावित हो जाते हैं|

---

**क्यों? कैसे**
**प्रश्न- अपने मन में सोचक र लिखो, ऐसा कैसे किया होगा?**
*** बा घ की खबर पूरे गाँव में फैल गई| कैसे?**
**उत्तर -** गाँव छोटे होते हैं| उनकी आबादी बहुत कम होती है| एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक खबर पहुँचने में देर नहीं लगती| इस प्रकार पूरे गाँव में खबर फैल गई|

***लोग मीरा बहन के पास पहुँचे| क्यों?**
**उत्तर-** सब लोग मीरा बहन को अपनी समस्या से अवगत कराना चाहते थे| उन्हें विश्वास था कि वे इसका कोई-न-कोई उपाय जरूरत निकालेगी|

*** पिंजरा बिना बा घ के बंद हो गया | कैसे?**
**उत्तर -** मीरा बहन ने सोचा कि बाघ को धोखा देकर क्यों फँसाया जाए, इसलिए उन्होंने पिंजड़े का दरवाज़ा बंद कर दिया|

---

**बकरी कहे कहानी**
**प्रश्न 1. सोचो , अगर यह कहानी बकरी सुनाती , तो क्या-क्या बताती| उसकी कहानी मजेदार होती न?**
**उत्तर-** अगर बकरी यह कहानी बताती तो निश्चय ही कहानी मज़ेदार होती|

**प्रश्न 2. बकरी अपनी कहानी में क्या - क्या बताती?**
**उत्तर -** बकरी अपनी कहानी में कहती कि वह गाय के पास ही कोने में खूँटे से बँधी थी| मैंने बाघ को आते देखा| यह देख, मैं तो डर के मारे थर-थर काँपने लगी| मेरी आवाज बंद हो गई| मैंने देखा कि बाघ गाय की पीठ पर उछला और उसकी गर्दन खाने लगा| मैं बेहोश हो गई| जब होश आया तो बाघ वहाँ से जा चुका था|
सुबह मरी गाय को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई| लोग चिंतित दिखाई दे रहे थे| एक गाँव वाला कह रहा था कि आज तो उसने गाय मारी है| कल को आदमी मारेगा| चलो मीरा बहन के पास चलते हैं|
सब मीरा बहन के आश्रम में पहुँचे| बाघ को कैद करने के लिए पिंजरा बनवाया गया| यह पिंजरा ऐसा था कि बाघ के अंदर घुसते ही झटके से बंद हो जाता|था | गाँव वालों ने पिंजरे में मुझे बाँधकर वहाँ रख दिया, जहाँ बाघ अकसर आया करता था| मैं मिमयाने लगी| मुझे बहुत डर लग रहा था| समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करूँ| इतने में मीरा बहन वहाँ आई और उन्होंने पिंजरे का

दरवाज़ा बंद कर दिया| मेरी जान में जान आई| मैंने मन-ही-मन उन्हें  धन्यवाद दिया और मेरी जान बच गई|

**चलो, पकड़े**

**प्रश्न- गाँव वालों ने बाघ को पकड़ने के लिए एक योजना बनाई थी | कक्कू के घर में रोज बि ल्ली आकर दूध पी जाती थी | कक्कू की मदद करने के लिए कोई योजना बनाओ|**

**उत्तर -** कक्कू की मदद और  बिल्ली को पकड़ने के लिए हमें एक पिंज़रा बनाना पड़ेगा| इस पिंजड़े में कटोरी भर कर दूध रखेंगे| उस पिंजड़े को ऐसा बनाया जाएगा कि बिल्ली के अंदर घुसते ही दरवाज़ा झटके से बंद हो जाए और बिल्ली पिंजड़े से न निकल पाए|

**पाठ से आगे**

**प्रश्न- यह सभी चित्र किसी एक व्यक्ति से जुड़े हुए हैं ? पता करो कौन?**



**उत्तर-** ऊपर दिए गए चित्र राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी से जुड़े हुए हैं|

**कौन-क्या है?**

**प्रश्न- बाघ, गाय, बकरी , हाथी और हिरन जानवर है | नीचे लिखी हुई चीजें क्या है ? खाली जगह में लिखो |**

| **प्रश्न** | **उत्तर-** |
|---|---|
| **अगरतला , अल्मोड़ा , रायपुर , कोच्चि , व ड़ोदरा** | नगर |
| **जलेबी , लड्डू , मै सूरपाक , कलाकंद , पेड़ा** | मिठाइयाँ |
| **नर्मदा, कावेरी, सतलुज, ब्रह्मपुत्र, पुत्र, यमुना** | नदियाँ |
| **बरगद , नारियल , पीपल, चीड़, नीम** | पेड़ |
| **गेहूँ, बाजरा, चावल, रागी, मक्का** | फसल, अन्न |
| **कुरता, साड़ी, फिरन, लहँगा, कमीज़** | वस्त्र |

**कोयल कू-कू, बकरी में-में**

**प्रश्न- जनवरों की बोलियाँ तो तुमने सुनी ही होंगे| कोयल की बोली को जैसे कूकना कहते हैं और मक्खी की बोली को भिनभिनाना, वैसे ही सब जानवरों की बोलियों के भी नाम हैं|**
**नीचे की दिए गए खाने में एक तरह जानवरों के नाम है, दूसरी तरफ बोलियों के| ढूँढ़ निकालो कौन-सी बोली किसकी है?**

| जानवर | बोलियाँ |
|---|---|
| **भैस** | **मिमियाना** |
| **घोड़ा** | **रँभाना** |
| **हाथी** | **चिंघाड़ना** |
| **बकरी** | **हिनहिनाना** |
| **शेर** | **रेंकना** |
| **गधा** | **रँभाना** |
| **गाय** | **भौंकना** |
| **कुत्ता** | **दहाड़ना** |

उत्तर-

| जानवर | बोलियाँ |
|---|---|
| भैस | रँभाना |
| घोड़ा | हिनहिनाना |
| हाथी | चिंघाड़ना |
| बकरी | मिमियाना |
| शेर | रेंकना |
| गधा | रँभाना |
| गाय | भौंकना |
| कुत्ता | दहाड़ना |

**ठीक करो**

**प्रश्न- हवाईजहाज़ आसमान उड़ रहा है|**
**तुम्हें यह वाक्य कुछ अटपटा लग रहा होगा| इस वाक्य को फिर से पढो|**
**हवाईजहाज़ आसमान <u>में</u> उड़ रहा है|**
**अब इसी तरह इन वाक्यों को ठीक करो|**
*** धूप बैठकर ढोकला खाया|**
*** पुतुल काम करने मना कर दिया|**
*** लता ने सब मूँगफली खिलाई|**

*** पहाड़ी गाँवों में बाघ डर बना रहा है|**

**उत्तर-** धूप में बैठकर ढोकला खाया|
पुतुल ने काम करने से मना कर दिया|
लता ने सब को मूँगफली खिलाई|
पहाड़ी गाँवों में बाघ का डर बना रहा है|

*** अब वे सभी शब्द फिर से लिखो जिन्हें तुमने जोड़ा है|**

**उत्तर-** में, ने, से, ने, को, में, का|